परियोजना का नाम :– जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के अन्तर्गत देहलचौंरी–पौड़ी मोटर मार्ग से चामापानी–धौलकण्डी होते हुये कांडा मन्दिर तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। (लम्बाई 5.000)

जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत **देहलचौंरी–पौड़ी मोटर मार्ग से चामापानी–धौलकण्डी होते हुये कांडा मन्दिर तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य** प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 6034 / III(2) / 11–109(प्रा0आ0) / 2011 दिनांक 22 / 12 / 2011 के द्वारा लम्बाई 5.00 किमी0 हेतु ₹63.00 लाख (प्रथम चरण) की प्राप्त है। प्रस्तावित मोटर मार्ग देहलचौंरी–पौड़ी मोटर मार्ग से चामापानी–धौलकण्डी होते हुये कांडा मन्दिर तक प्रस्तावित है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के चामापानी, धौलकण्डी ग्राम सभाओं के लगभग 52 परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। प्रस्तावित मोटर मार्ग की स्वीकृति समरेखण के अनुसार कुल स्वीकृत लम्बाई 5.00 किमी0 में, 3.036 किमी0 लम्बाई का भाग सिविल वनभूमि में तथा शेष 1.964 किमी0 लम्बाई का भाग नापभूमि में पड़ता है। इस प्रकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7 मीटर चौड़ाई में कुल 2.125 है0 सिविल वनभूमि की आवश्यकता होगी। इस 2.125 है0 सिविल भूमि का हस्तान्तरण लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण की जायेगी जो कि न्यूनतम है। इस समरेखण के अतिरिक्त मार्ग निर्माण हेतु अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के निर्माण में सिविल वनभूमि एवं नापभूमि कुल 09 वृक्ष चीड़, प्रजाति के प्रभावित होंगे प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम चामापानी, धौलकण्डी का आर्थिक सामाजिक व राजनैतिक विकास सम्भव हो सकेगा तथा क्षेत्र के गांव सीध तहसील मुख्यालय श्रीनगर से जुड़ जायेंगे।

अधिशासी अभियन्ता

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 पौड़ी

प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग
पौड़ी

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 पौड़ी